आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 07.04.2026
समय : 01:00 पी.एम.

केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने खाद्य सुरक्षा और एकीकृत कृषि प्रणाली पर जोर दिया है। आज जयपुर में कृषि पर पहले पश्चिमी क्षेत्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए उन्होंने कृषि विविधिकरण और नई कृषि पद्धतियों को अपनाने और किसानों की आमदनी बढाने के उपायों पर बात की। श्री चौहान ने प्राकृतिक और जैविक खेती के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि इससे ही खेत आने वाली पीढियो के लिए भी उत्पादक बने रहेंगे। केन्द्रीय कृषि मंत्री ने बताया कि देशभर में कृषि कार्य प्रणालियों की बेहतरी के लिए इस तरह के पांच क्षेत्रीय सम्मेलन आयोजित किये जायेंगे।

.....

कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय की ओर से आयोजित वेस्टर्न जोनल कॉन्फ्रेंस में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी शिरकत की। इस मौके पर केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी भी मौजूद रहे। कॉन्फ्रेंस में गोवा, महाराष्ट्र, गुजरात और मध्यप्रदेश तथा राजस्थान के कृषि मंत्री और प्रमुख सचिव तथा वरिष्ठ अधिकारी भाग ले रहे है। सम्मेलन में कृषि आत्मनिर्भरता, सतत विकास और डिजिटल खेती तथा कृषि बागवानी सहित अन्य विषयों पर मंथन किया जा रहा है। साथ ही देश में तिलहन उत्पादन में बढोतरी के लिए रणनीति तय की जा रही है।

सरकार ने राज्यों में प्रवासी मजदूरों को वितरित किए जाने वाले पांच किलोग्राम के मुक्त व्यापार एलपीजी (एफटीएल) सिलेंडरों के दैनिक आवंटन को दोगुना करने का निर्णय किया है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के सचिव डॉ. नीरज मित्तल ने इस संबंध में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को पत्र लिखा है। उन्होंने कहा कि ये पांच किलोग्राम के एलपीजी सिलेंडर राज्य सरकारों और उनके खाद्य तथा नागरिक आपूर्ति विभागों को उपलब्ध कराये जायेंगे। वे केवल अपने राज्य में प्रवासी मजदूरों को तेल विपणन कंपनियों के सहयोग से इनकी आपूर्ति करेंगे। पेट्रोलियम मंत्रालय ने कहा कि बढ़ा हुआ आवंटन प्रवासी श्रमिकों को प्रदान किए गए सिलेंडरों की औसत दैनिक आपूर्ति पर आधारित होगा। संशोधित आवंटन मार्च में घोषित 20 प्रतिशत की पिछली सीमा से अधिक है। पिछले महीने की 23 तारीख से अब तक 5 किलो के लगभग छह लाख 75 हजार एलपीजी सिलेंडर बेचे जा चुके हैं।

नए मौसमी तंत्र के सक्रिय होते ही राज्य के कई हिस्सों में सुबह से रुक–रुककर बारिश का दौर जारी है। कहीं तेज गरज के साथ ओले भी गिरे है। मौसम विभाग के अनुसार जैसलमेर, बीकानेर, श्रीगंगानगर, डीग तथा झुंझुनूं सहित कई जिलों में सुबह से ही कहीं हल्की तो कहीं तेज बारिश का सिलसिला बना हुआ है। नागौर जिले के कुछ इलाकों में ओलावृष्टि के समाचार है। राजधानी जयपुर में सुबह की शुरूआत ही ठण्डी हवाओं और बूंदाबांदी के साथ हुई। इसके बाद रूक रूककर हल्की बारिश का दौर जारी है। इससे तापमान में गिरावट आई है और वातावरण में ठण्डक घुल गई है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार बार–बार सक्रिय हो रहे पश्चिमी विक्षोभ के कारण इस कारण गर्मी पूरी तरह जोर नहीं पकड़ पा रही है। इससे मानसून कमजोर रहने की आशंका जताई जा रही है।

सिखों के 9वें गुरू तेग बहादुर का प्रकाश पर्व आज श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस मौके पर गुरूद्वारों में शबद कीर्तन सहित विभिन्न आयोजन किये जा रहे है। साथ ही लंगर भी लगाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरु तेग बहादुर के प्रकाश पर्व के अवसर पर उन्हें नमन किया। प्रधानमंत्री ने उन्हें देश की सभ्यता का एक महान आध्यात्मिक व्यक्तित्व बताया। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि गुरु तेग बहादुर का जीवन निर्भीकता, त्याग और मानवता का एक तेजस्वी उदाहरण है।

विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर आज स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने सभी डॉक्टरों, नर्सों और अग्रिम पंक्ति के कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि उनके समर्पण से ही देश की स्वास्थ्य प्रणाली मजबूत बनी हुई है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री नड्डा ने कहा कि आयुष्मान भारत और प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना जैसी परिवर्तनकारी पहलों ने स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत किया है। इन योजनाओं के कारण बेहतर ईलाज प्रत्येक नागरिक के लिए अधिक सुलभ, किफायती और समावेशी बन गया है।

खान मंत्रालय ने खनिज रियायत नियमों में संशोधन अधिसूचित किया है। इससे खनन पट्टे के आसपास के क्षेत्र और उससे जुड़े खनिजों को शामिल करने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। राज्य सरकारों के लिए यह अनिवार्य किया गया है कि वे आवेदन प्राप्त होने के 30 दिनों के भीतर अनुमति प्रदान करें। मंत्रालय ने यह भी बताया कि नियमों में किसी अन्य खनिज, जिनमें गौण खनिज भी शामिल हैं, को खनन पट्टे में शामिल करने की प्रक्रिया भी निर्धारित की गई है। नए प्रावधानों से खनन कार्यों को और अधिक सुव्यवस्थित तथा तेजी से आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी।